पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल की अध्यक्षता में जनपद गोरखपुर में टी0बी0 मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

टी0बी0 मरीजों को गोद लेकर, टी0बी0 मुक्त होने तक पूर्ण पोषण किट उपलब्ध कराने का लिया गया संकल्प

राज्यपाल ने वितरित की टी0बी0 मरीजों को फल एवं पोषण किट

टी0बी0 सिर्फ एक बीमारी नहीं, सामाजिक और आर्थिक विकास में भी है बाधक

-राज्यपाल, श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 03 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल एवं उत्तर प्रदेश रेडक्रॉस सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी की अध्यक्षता में जनपद गोरखपुर में टी0बी0 मरीजों को गोद लेने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम भारत सरकार के "2025 तक टी0बी0 मुक्त भारत" अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों को टी0बी0 उन्मूलन अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया।

कार्यक्रम में जनपद गोरखपुर रेडक्रॉस जिला शाखा द्वारा 200 टी0बी0 मरीजों को गोद लेकर उन्हें टी0बी0 मुक्त होने तक पूर्ण पोषण किट उपलब्ध कराने का संकल्प लिया गया। इस दौरान राज्यपाल जी महोदया के कर कमलों द्वारा टी0बी0

मरीजों को फल एवं पोषण किट वितरित की गई। राज्यपाल जी ने इस अवसर पर समाज के सभी वर्गों से टी0बी0 उन्मूलन अभियान में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि टी0बी0 सिर्फ एक बीमारी नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास में बाधा भी है। टी0बी0 को जड़ से मिटाने के लिए समुदाय, स्वास्थ्य संगठनों और सरकार को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि सही समय पर इलाज और पोषण युक्त आहार टी0बी0 से ग्रसित मरीजों के लिए बेहद आवश्यक है। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा इस दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और अन्य सामाजिक संगठनों, उद्योगपतियों और नागरिकों से इस पहल में शामिल होने का आह्वान किया।

इस अवसर पर टी0बी0 अडॉप्शन प्रोग्राम, महाकुंभ 2025 प्रयागराज एवं विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों तथा योजनाओं में योगदान देने वाले वालंटियर्स और विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन लोगों को प्रदान किया गया जिन्होंने टी0बी0 उन्मूलन, स्वास्थ्य जागरूकता, रक्तदान, और अन्य सामाजिक सेवा कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने कहा कि टी0बी0 के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें समाज के हर व्यक्ति की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी से जुड़े सभी सदस्यों से अपील की कि वे ग्रामीण क्षेत्रों और वंचित समुदायों तक पहुंचें और अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़ें। साथ ही उन्होंने टी0बी0 की रोकथाम, इलाज और पोषण के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

इस अवसर पर इण्डियन रेडक्रास सोसायटी के उपाध्यक्ष श्री अखिलेंद्र शाही ने कहा कि टी0बी0 मुक्त भारत का सपना तभी साकार हो सकता है जब समाज के हर वर्ग का सहयोग मिले। इस दिशा में रेडक्रॉस सोसायटी अपने दायित्वों को निभाने के लिए प्रतिबद्ध है और हमें आशा है कि यह अभियान टी0बी0 उन्मूलन में मील का पत्थर साबित होगा।

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवी संगठनों और शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र:

डॉ0 संगीता चौधरी,

सूचना अधिकारी, राजभवन

मो0 : 9161668080